बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

राज्य के सरकारी प्रशिक्षण महाविद्यालयों में विभिन्न विषयों के व्याख्याता के पदों पर नियुक्ति हेतु व्याख्याता (लिखित) खुली/सीमित प्रतियोगिता परीक्षा (वि॰सं॰ 02–04/2016, 06–08/2016) के अन्तर्गत कुल 10 विषयों की लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा दिनांक 25.08.2018 से 27.08.2018 तक पटना अवस्थित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गयी थी। उक्त विषयों की प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला **'A'**, **'B'**, **'C'** एवं **'D'** के प्राश्निकों द्वारा दिये गये सभी प्रश्नों के उत्तर दिनांक 29.09.2018 से आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध रहेंगे।

उक्त परीक्षा में सम्मिलित (appeared) उम्मीदवारों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिन उम्मीदवारों को उक्त विषय के किसी भी प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला के किसी भी प्रश्न के प्राश्निक द्वारा दिये गये उत्तर पर किसी भी तरह की आपत्ति हो, तो वे इस सम्बन्ध में प्रामाणिक स्त्रोत/साक्ष्य के साथ अपनी आपत्ति/सुझाव नीचे दिये गये आपत्ति प्रपत्र में विज्ञापन संख्या, नाम, अनुक्रमांक एवं पता के साथ संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा आयोग, जवाहर लाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001 को स्पीड पोस्ट से इस प्रकार भेजेंगे कि वह **दिनांक 08.10.2018 की संध्या 5.00 बजे तक** बिहार लोक सेवा आयोग में प्राप्त हो जाए। **लिफाफा पर परीक्षा का नाम एवं विज्ञापन संख्या अवश्य लिखें।** उक्त तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आपत्ति एवं सुझाव पर विचार नहीं किया जायगा।

प्राश्निक द्वारा दिये गये उत्तर पूर्णतः औपबंधिक (Provisional) हैं। आप सभी से नियत समय तक प्राप्त आपत्ति की गहन समीक्षा विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा की जायेगी और गहन समीक्षोपरान्त पुनः उक्त समिति द्वारा सभी प्रश्नों का अन्तिम आदर्श उत्तर तैयार किया जायेगा। विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा तैयार किये गये उस अन्तिम आदर्श उत्तर के आधार पर ओ॰एम॰आर॰ उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) का मूल्यांकन किया जायेगा।

आपत्ति प्रपत्र

सरकारी प्रशिक्षण महाविद्यालयों में व्याख्याता (लिखित) खुली/सीमित प्रतियोगिता परीक्षा

विज्ञापन संख्या ....

अनुक्रमांक .... नाम .... विषय .... प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला ....

क्र॰सं॰	प्रश्न संख्या	प्राश्निक का उत्तर	उम्मीदवार द्वारा सुझाया गया उत्तर	आपत्ति का आधार/स्त्रोत/साक्ष्य

उम्मीदवार का नाम एवं हस्ताक्षर (तिथि सहित)
उम्मीदवार का दूरभाष/मोबाइल सं॰–

28.9.18

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना